आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री आज कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व–सीएसआर सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज नई दिल्ली में 41 साहित्यिक कृतियों का विमोचन करेंगे।
- मत्स्य विभाग की ओर से 15 और 16 जनवरी को "आईलैंड सीफूड फेस्टिवल" का आयोजन किया जाएगा।
- 'परम वीर सागर यात्रा' के फ्लैग ऑफ समारोह के चलते आज सुबह 10:30 बजे तक फ्लैग प्वाइंट पर सभी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

<><><><><><>

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पोषण सुरक्षा और कुपोषण निवारण में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका शीर्षक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व–सीएसआर सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को नियंत्रित करने के लिए सहयोगात्मक, नवोन्मेषी और सतत रणनीतियों पर विचार–विमर्श करना है। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड– एनडीडीबी ने किया है। इस सम्मेलन के दौरान श्री शाह छत्तीसगढ के  सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर पहल के अंतर्गत गिफ्टमिल्क कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनडीडीबी द्वारा छत्तीसगढ़ मिल्क फेडरेशन के जरिए विटामिन–ए और डी से भरपूर दूध की आपूर्ति की जाएगी। इसके अतिरिक्त केंद्रीय सहकारिता मंत्री आईडीबीआई की सीएसआर पहल के अंतर्गत शिशु संजीवनी कार्यक्रम का भी शुभारंभ करेंगे। संजीवनी, एनडीडीबी द्वारा विकसित एक ऊर्जा से भरपूर, अर्ध–ठोस, रेडी–टू ईट पौष्टिक पूरक आहार है।

<><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज नई दिल्ली में कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया के उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा विकसित 41 साहित्यिक कृतियों का विमोचन करेंगे। ये कृतियाँ केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के अंतर्गत विकसित की गई हैं।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान द्वारा प्रकाशित 13 पुस्तकों के साथ–साथ तिरुक्कुरल की 45 एपिसोड की सांकेतिक भाषा व्याख्या श्रृंखला का भी विमोचन किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से समावेशी और नवीन प्रारूपों के माध्यम से समकालीन शिक्षार्थियों के लिए शास्त्रीय ज्ञान अधिक सुलभ हो सकेगा।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ को कर्मचारी भविष्य निधि योजना–ईपीएफएस के तहत वेतन सीमा में संशोधन पर चार महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। पिछले 11 वर्षों से इसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए। याचिका में कहा गया था कि वेतन सीमा में कोई बदलाव न होने के कारण श्रमिकों का एक बड़ा वर्ग ईपीएफओ के दायरे से बाहर रह गया है। ईपीएफएस एक सामाजिक कल्याण योजना है जिसका उद्देश्य संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने स्वराज द्वीप के जेट्टी क्षेत्र और राधानगर बीच पर पर्यटन मौसम के दौरान होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। अपने स्वराज द्वीप के दौरे का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जेट्टी क्षेत्र में भारी भीड़ के कारण पर्यटकों और स्थानीय यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। इसी तरह की स्थिति राधानगर बीच पर भी देखी गई। उन्होंने प्रशासन से इस संबंध में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने दोनों ही क्षेत्रों में पार्किंग क्षेत्र बनाने का अनुरोध किया, ताकि वाहनों की आवाजाही सुचारू हो सके।

<><><><><><><>

संपर्क से समाधान – प्रशासन गाँव की ओर पहल के तहत हाल ही में राधानगर में शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, बिजली, कृषि, मत्स्य पालन, वन विभाग, आपूर्ति, ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज संस्थानों के सदस्य उपस्थित थे।

इसमें सड़क मरम्मतः एलपीजी गैस वितरण, स्वास्थ्य सेवाओं और नेटवर्क कनेक्टिविटी पर चर्चा की गई और इनके समाधान के लिए निर्देश दिए गए। इसके अलावा रिंग कुओं के निर्माण, नालों की सफाई और तकनीकी अनुमान प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए।

<><><><><><>

मत्स्य विभाग, सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद के सहयोग से, द्वीपसमूह में सीफूड संस्कृति और टुना क्लस्टर विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 और 16 जनवरी को श्री विजयपुरम में "आईलैंड सीफूड फेस्टिवल" के दूसरे संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सीफूड कुकिंग डेमो, सार्वजनिक प्रतियोगिताएं और संवादात्मक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, किसान–वैज्ञानिक संवाद और आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और PM-MKSSY जैसी प्रमुख मत्स्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। महोत्सव के दौरान, मत्स्य संघों, उद्यमियों, मत्स्य सहकारी समितियों, स्पोर्ट फिशिंग, होटलों और रेस्तरां, महिला स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ और अन्य हितधारकों को स्टाल आवंटित किए जाएंगे। इनमें मछली उत्पाद, एक्वेरियम, मछली का चारा, आवश्यक मत्स्य उपकरण और स्पोर्ट्स फिशिंग सेवाएं आदि शामिल होंगी। इच्छुक व्यक्ति और फर्में निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 09 जनवरी तक मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र में जमा कर सकते हैं या विभाग के ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन का प्रारूप मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र, से प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा आवेदन फार्म प्रशासन और विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><>

'परम वीर सागर यात्रा' के फ्लैग ऑफ समारोह के दौरान आज सुबह 10:30 बजे तक फ्लैग प्वाइंट पर सभी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि इस अवधि के दौरान सभी वाहनों को सर्किट हाउस मार्ग की ओर से जाना होगा।

<><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण ने कहा है कि नई दिल्ली से अधिकारियों का एक दल 9 और 10 जनवरी को कार निकोबार में बच्चों के लिए प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अंडमान निकोबार द्वीप समूह पहुंच रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीपों के प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान करना और उन्हें मुख्य भूमि स्थित राष्ट्रीय खेल केंद्रों के माध्यम से प्रशिक्षित करना है।

यह पहल द्वीपसमूह के साइकिल चालकों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए शानदार प्रदर्शन को देखते हुए ली गई है। इसमें किसी भी खेल प्रतियोगिता से जुड़े बच्चे भाग ले सकते हैं। इच्छुक संस्थान, अभिभावक और बच्चे पंजीकरण और अन्य विवरणों के लिए समन्वयक विश्वजीत बी. सुतार से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन संघ ने राज्य बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप के कार्यक्रम में संशोधन किया है। अब यह चैंपियनशिप 17 और 18 जनवरी को श्री विजयपुरम में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों ने सोलह जनवरी तक गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए नेताजी स्डेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

रामकृष्ण मिशन में मंत्र दीक्षा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 26, 28 और 30 जनवरी को मिशन के उपाध्यक्ष श्रीमत स्वामी की उपस्थिति में होगा। इच्छुक श्रद्धालु ओल्ड टेम्पल हॉल में सुबह 9 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><>